
अध्यक्षीय कार्यालय :
SARITA DAGA
45-46, Gem Enclave, Pradhan Marg,
Malviya Nagar,Jaipur-302017
Mob.: 9413339841
Email: president@abtmm.org


# नारी लोक


अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का मासिक मुखपत्र

मई, 2024 अंक 310

युग प्रणेता, युग प्रचेता,
युग पुरुष लो अभिवन्दना

## युग प्रधान आचार्य श्री महाश्रमणजी के

50वें दीक्षा वर्ष
की परिसम्पन्नता

## दीक्षा कल्याण महोत्सव पर

श्रद्धासिक्त वंदन-अभिनंदन
अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

लिखें शक्ति की नई ऋचाएं, अनुशासन के दीप जलाएं

POWERHOUSE

## रोज की एक सलाह



तात्कालिक प्रशंसा और तात्कालिक निन्दा तुम्हारे कार्य का प्रमाण पत्र नहीं है। यह सोचो स्थायी अथवा दीर्घकालिक परिणाम क्या आने वाला है? तात्कालिक लाभ को अधिक महत्व मत दो। धैर्य रखो व दीर्घकालिक लाभ पर चिंतन को केन्द्रित करो।

काम अच्छा करो। प्रशंसा पाने का प्रयास मत करो। प्रशंसा के क्षणिक सुख के लिए शाश्वत सुख से दूर मत बनो।

सामूहिक जीवन में आत्मीयतापूर्ण, पवित्रतापूर्ण, मधुरतापूर्ण और विनम्रतापूर्ण व्यवहार हो तो मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित हो सकता है।

–आचार्य महाश्रमण (रोज की एक सलाह से साभार)

## माँ का स्वरूप

महिला वर्ग एक बहुत बड़ी निधि है। इसकी सुरक्षा परिवार, समाज और राष्ट्र की सुरक्षा है। जिस देश में महिलाओं का सम्मान होता है, वह देश प्रगति पथ पर अग्रसर होता है। पुरुष जाति ने जब-जब उन्मार्ग की ओर चरण बढ़ाए हैं, स्त्रियों ने उसका सम्यक पथदर्शन किया है और उसे सही दिशा में बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। महिलाएं विकास का बहुत बड़ा माध्यम है। उन्हें मात्र वासना की दासी समझना बहुत बड़ी भूल है। वे स्त्रियाँ ही हैं जो परिवार को एक सुखद, शांत, स्वस्थ व जीवंत वातावरण प्रदान कर सकती हैं। एक माता अपनी जिम्मेदारी को कर्त्तव्य-बुद्धि से निभाती है। उसकी कर्त्तव्य-बुद्धि पर अहं हावी नहीं होने पाता। मृगालोढ़ा का उदाहरण आगमों में आता है। कितना मार्मिक है! मृगालोढ़ा का भयानक वीभत्स रूप! दूर से ही आने वाली उसकी दुर्गंध! कोई भी उसके पास नहीं जा सकता था। वह माता ही थी, जो उसे अपने हाथों से खिलाती-पिलाती थी।



– आचार्य तुलसी (मंजिल की ओर से साभार)



## इस प्रकार...

डोरी को इस प्रकार खींचो कि गाँठ न पड़े।
अपने को इस प्रकार चलाओ कि लड़ाई न हो।
बालों को इस प्रकार संवारो कि उलझन न बने।
विचारों को इस प्रकार ढ़ालो कि भिड़न्त न हो।

तात्पर्य की भाषा में आक्षेप और आक्रमण की नीति मत बरतो। उससे गांठ घुलती है, युद्ध छिड़ते हैं, बाल उलझते हैं और चिनगारियाँ उछलती हैं।

– आचार्य महाप्रज्ञ (अनुभव का उत्पल से साभार)

# अध्यक्षीय आह्वान

मई का महीना या कहूँ वैशाख का महीना हम सबके लिए महोत्सव का महीना है। हमारे आराध्य परम वन्दनीय आचार्य प्रवर महाश्रमणजी के जीवन के तीन महत्वपूर्ण प्रसंगों का साक्षी यह महीना है– जन्म, दीक्षा और आचार्य पदारोहण। **Back to Back** अगर तीन महत्वपूर्ण अवसरों और महोत्सवों को मनाने का अवसर हमें मिल रहा है तो हम अपने सौभाग्य की सराहना जितनी भी करें, कम है। बहिनों इस बार यह वर्ष हमारे लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण बन जाता है क्योंकि यह वर्ष हमारे आराध्य की दीक्षा का अमृत वर्ष भी है। अमृत वर्ष के अवसर पर गुरु कृपा का अमृतपान करने का सौभाग्य हमें मिल रहा है। यह हमारे लिए **life time opportunity** है। बहिनों यह महीना अक्षय तृतीया से जुड़ा हुआ है। मैं इसे इस रूप में परिभाषित करने का प्रयास कर रही हूँ कि गुरु कृपा के अमृत का अक्षय प्रसाद सदैव हमें प्राप्त होता रहेगा।

मैं परम वन्दनीय आचार्य प्रवर महाश्रमणजी जैसे बहुआयामी व्यक्तित्व की आराधना मैं किस रूप में करूं– शब्दों की सीमा आड़े आ जाती है–

* एक ऐसे आध्यात्मयोगी के रूप में जिनका रोम–रोम तप और साधना की प्रभावना से ओत–प्रोत है।
* एक ऐसे अनुशास्ता के रूप में, जिनकी अनुशासना में परमाराध्य आचार्य तुलसी सी तेजस्विता और परम श्रद्धेय आचार्य महाप्रज्ञजी की करुणा का समावेश है।
* एक ऐसे आचार्य के रूप में जिन पर न केवल तेरापंथ धर्म संघ अपितु पूरे जैन समाज को गर्व है।
* एक ऐसे प्रवचनकार के रूप में, जिनका एक–एक शब्द सुनकर लगता है जैसे जिनवाणी और आगम का निर्झर बह रहा हो।
* एक ऐसे शिष्य के रूप में, जिन्हें आचार्य तुलसी और आचार्य महाप्रज्ञ जैसे दो–दो युगप्रधान आचार्यों की कृपा का प्रसाद मिला और जिनके सुघड़ हाथों से इस महान पारस मणि का निर्माण हुआ।
* एक ऐसे शिल्पी के रूप में, जिन्होंने श्रद्धेय साध्वी प्रमुखा विश्रुतविभाजी जैसी सक्षम साध्वी प्रमुखा का उपहार धर्म संघ को दिया एवं जिन्होंने मुख्य मुनि महावीर कुमार जी और साध्वीवर्या जी सम्बुद्धयशा जी जैसी कृतियों का निर्माण किया।
* नारी शक्ति के ऐसे उन्नायक, जिनकी करुणा, वात्सल्य और मार्गदर्शन हर समय, हर वक्त नारी शक्ति और कन्या संस्कार के लिए हमें मिलता रहता है।

बहिनों ! श्रद्धेय आचार्य प्रवर के व्यक्तित्व के आयाम असीमित हो सकते हैं, लेकिन शब्दों और **Space** की सीमा तो होती ही है। असीमित क्षमता के धनी, हमारी अनन्त आस्था के केन्द्र, हमारे आराध्य परम श्रद्धेय आचार्य महाश्रमणजी के चरणों में वर्धापना के इन क्षणों में अनन्त एवं अक्षय श्रद्धासिक्त वन्दन करती हूँ।

धर्मसंघ की नवम् साध्वी प्रमुखा पद पर साध्वीश्री विश्रुतविभाजी का चयन दिवस भी इसी मई माह से जुड़ा हुआ है। प्रमुखाश्रीजी के चयन दिवस पर समस्त महिला शक्ति की तरफ से उनका अभिनन्दन करते हुए श्रद्धाप्रणत वंदन करती हूँ।

बहिनों ! मुझे लगता है केवल बातों की फुलझड़ियों और प्रशंसा के पटाखों से ही हम अपने आराध्य की सच्ची आराधना नहीं कर सकती है। इसलिए हमने तप के मनकों से समर्पण की माला पिरोई है और मुझे बताते हुए अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि आप सभी बहिनों और शाखा मण्डलों के सहयोग से हमने न केवल अपने लक्ष्यों को प्राप्त किया है बल्कि कुछ कार्यों में तो हमने कई गुणा लक्ष्य की प्राप्ति की है। यह है हमारे आराध्य का अतिशय और हमारे आराध्य की शक्ति। सभी सम्पादित कार्यों की पूरी जानकारी हम आगामी नारीलोक में प्रेषित करेंगे। पूज्य प्रवर के जन्मोत्सव, पट्टोत्सव एवं दीक्षा महोत्सव पर हार्दिक वंदन–अभिनन्दन। पूज्य प्रवर की पावन अनुशासना हम सबको युगों–युगों तक मिलती रहे, इन्हीं शुभ भावों के साथ–

शुभाकांक्षी
Sarita Daga
सरिता डागा

## साध्वी प्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी के

# साध्वी प्रमुखा चयन दिवस पर



## स्वीकारो आत्मिक उपहार

मनोनयन मंगल बेला में, सतरंगी खुशियाँ अनपार।
शुभभावों से सजा हुआ यह, स्वीकारो आत्मिक उपहार॥
मुखमंडल है सौम्य तुम्हारा, आभामंडल भी निर्मल,
मैत्री से भीगे मानस में, खिल जाते हैं स्नेहिल शतदल,
पापभीरू निर्लिप्त चेतना, चिन्तन में है गहराई,
समता ममता गजब तुम्हारी, अन्तर्मन के है उद्गार।
शुभभावों से सजा हुआ यह, स्वीकारो आत्मिक उपहार॥
तपः तेज को नमस्कार है, मानो श्रम शक्ति है अनुचर,
अविरल गुरुभक्ति अनुरक्ति, सदा व्यक्त श्रद्धा अधरों पर,
मृदु वचयुत व्यवहार मधुर, और धैर्य बना तेरा सहचर,
गुरुत्रयी सेवा किरपा से, जीवन है तेरा गुलजार।
शुभभावों से सजा हुआ यह, स्वीकारो आत्मिक उपहार॥
महिला विकास का दिवास्वप्न, सज्जित है तेरी आँखों में,
विश्वास भरा तुमने हरपल, देखो हम सबकी पाँखों में,
स्नेहिल सिंचन ऊर्जा पाकर, आशा का दीप जलाएंगे,
नारी गौरव! तेरे सपनों को, देंगे हम अभिनव आकार।
शुभभावों से सजा हुआ यह, स्वीकारो आत्मिक उपहार॥

**श्रद्धा - समर्पण**

**अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल**

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

## मई माह : करणीय कार्य


## महाश्रमणोस्तु मंगलम्

मई का महीना प्रतिवर्ष तेरापंथ धर्मसंघ के सर्वोच्च शिखर पर प्रतिष्ठित वर्तमान अधिशास्ता युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के विराट भगवद्रूप को उजागर करता है। इस बार वर्ष 2024 में तो यह मास बहुत ही खास बन गया है। ज्योतिप्रपात परमपूज्य ज्योतिचरण अपनी संयम-साधना की प्रवर ज्योतिर्मयी रश्मियों से समूची मानवता को अनवरत आलोकित कर रहे हैं। ऐसे चिदानन्द योगी के संयम जीवन के छठे दशक में प्रवेश का पावन प्रभात इसी महीने हमारे सौभाग्य को शतगुणित करने आ रहा है।

अब तक महाश्रमणोस्तु मंगलम् के विविध अनुष्ठानों में सहभागिता निभाकर आपने दीक्षा कल्याण महोत्सव वर्ष पर अपनी अभिवंदना समर्पित की है। इस मुख्य मास में आर्यवाणी के प्रयोक्ता एवं साकार रूप परम पावन को हमें आर्ष राशि में उल्लिखित अष्टगणी सम्पदा के माध्यम से श्रद्धार्ध्य अर्पित करना है। परमाराध्य आचार्य प्रवर का इसी माह जन्म दिवस 17 मई, पदाभिषेक दिवस 18 मई एवं दीक्षा दिवस 22 मई, 2024 को है। आचार्य प्रवर की दीक्षा के 50 वर्ष सम्पन्नता की ओर एवं 51वें वर्ष में प्रवेश का दिन है। दीक्षा कल्याण महोत्सव के इस अवसर पर हमें स्थानीय स्तर पर भी 'महाश्रमणोस्तु मंगलम्' कार्यक्रम का आयोजन करना है-

निर्देश बिन्दु :

- यह कार्यक्रम यथासंभव चारित्रात्माओं के सान्निध्य में आयोजित करें।
- कार्यक्रम के लिए आधार संदर्भ परम श्रद्धेय आचार्य प्रवर के निम्नलिखित यशस्वी पुरुषार्थी बिन्दुओं को रखें- (i) अहिंसा यात्रा, (ii) अनुशासना, (iii) साहित्य, (iv) जनसम्पर्क, (v) अनासक्त चेतना
- कार्यक्रम का शुभारम्भ महाश्रमण अष्टकम से करें।
- आचार्य सम्पदा, श्रुत संपदा, शरीर संपदा, वचन संपदा, वाचना संपदा, मति संपदा, प्रयोग संपदा, संग्रहपरिक्ता संपदा- इनमें से किसी एक/एकाधिक संपदा को अपनी अभिव्यक्ति का विषय बनाएं।
- आचार्य महाश्रमणजी की पुस्तक 'परम सुख का पथ, सम्पन्न बनो, धम्मो मंगल मुक्किट्ठं' में से किसी एक पर **quiz** (प्रतियोगिता) आयोजित करें।
- आचार्य महाश्रमणजी को समर्पित गीतिका का संगान करे।
- महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर 18 मई, 2024 तक कभी भी आयोजित कर सकते हैं।
- कार्यक्रम की जानकारी राष्ट्रीय सहसंयोजिका श्रीमती कुमुद कच्छारा को 9833237907 पर सूचित करें।




## कौन बनेगा गुरु अराधक

### Online quiz

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में दिनांक 11 से 14 मई, 2024 तक आयोजित इस **quiz** प्रतियोगिता में अवश्य भाग लें। प्रतिभागियों की संख्या 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर अधिकतम 701 निर्धारित है।

प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी के लिए सम्पर्क सूत्र :

9776217546, 7008570196

# तेरापंथ कन्या मंडल
# हमारी कन्याएं : हमारी धरोहर

स्नेहिल कन्याओं,

जय जिनेन्द्र!

वैसाख का माह उत्सवों की श्रृंखला लेकर आया है। माँ नेमा के लालः तेरापंथ के गणपाल आचार्यश्री महाश्रमणजी के जन्मोत्सव, दीक्षा महोत्सव एवं पट्टोत्सव पर दसों दिशाएं मंगल गीत गा रही है, बधाइयाँ एवं शुभकामनाओं के तोरण एवं वन्दनवार बांधे जा रहे हैं। इसी क्रम में, अभिनन्दन उजले प्रभात का।। नूतनयुग के सूत्रपात का।।

पौरुष के मंगल प्रपात का।। नंदनवन के पारिजात का।।

कन्या मंडल अपने गुरुवर की अभ्यर्थना में प्रस्तुत है, प्रमुदित है और प्राणप्रण से समर्पित है। संघ एवं संघपति के प्रति हमारी श्रद्धा-आस्था और धनीभूत होती रहे... यही मंगलकामना करती हूँ।

आपकी दीदी

अदिति सेखानी,

**मई माह के करणीय कार्य :**

**Celebrate Motherhood with Mothers**

सबसे खास : सबसे पास-माँ का साथः माँ का हाथ
माँ का प्यार, दुलार और ममता,
माँ की शक्ति, हिम्मत और जज्बा,
माँ के संस्कार, सीख और सामर्थ्य
माँ का सबकुछ
अनुपम है... अनूठा है... अनमोल है...

जीवन के इस अनमोल रिश्ते को समर्पित है- **Mother's Day.** 12 मई, 2024 को कन्याएं और माताएं बनाएं इस दिन को खास और यादगार-

**करणीय कार्य :**

* माँ और बेटी की जोड़ियों को विशेष रूप से आमंत्रित करें।
* बेटियाँ करें स्वागत और अभिनंदन मातृशक्ति का।
* बेटियाँ अपने भावों को अभिव्यक्त करें विशेष प्रस्तुति के साथ।
* प्रतिभागी सभी माताओं को दें विशेष **Title.**
* माँ-बेटी की जोड़ी घर से बनाकर लाएं - कोई भी **Jain Dish,** व्यंजन की **Receipe** की प्रस्तुति हो माताओं के द्वारा तथा साज-सज्जा प्रस्तुतिकरण में हो बेटियों का साथ।

## 'माँ के दिन की हार्दिक शुभकामनाएं'

आचार्यश्री महाश्रमणजी के 50वें दीक्षा कल्याण महोत्सव के उपलक्ष्य में गुरुवर अभ्यर्थना तहत- त्यागोत्सव-

1 मई से 11मई, 2024 तक (11 दिनों के लिए) समस्त कन्याएं निर्धारित जमीकंद लहसुन, प्याज, गाजर, शकरकंद, आलू, मूला का अवश्य त्याग करे।

कलापरिदर्शन-हस्तकला प्रदर्शनी **(Art Exhibition)** की आयोजना मई माह में करनी है, जिसकी विस्तृत जानकारी अप्रैल महीने के नारीलोक में पृष्ठ संख्या 8 पर दी गई है।

विशेष ध्यानार्थः राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित **Poster making competition** में काफी क्षेत्रों से प्रविष्टियाँ प्राप्त हो रही हैं। जिन क्षेत्रों ने अभी तक प्रविष्टि नहीं भिजवाई है, वो पूर्व प्रेषित निर्धारित पते पर शीघ्रातिशीघ्र भिजवा कर गुरुवर अभ्यर्थना में शामिल होने का गौरव प्राप्त करे।

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, साउथ कोलकाता द्वारा महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम का कोलकाता में हुआ आगाज

## राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिखाई 'महाश्रमणोस्तु मंगलम् रथ' को हरी झंडी



4 अप्रैल, 2024, आचार्य श्री महाश्रमणजी के संयम पर्याय के 50 वर्षों के उपलक्ष्य में दीक्षा कल्याण महोत्सव पर अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा 'आराधना आराध्य की' अभिवंदना के क्रम में युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमणजी के सुशिष्य मुनिश्री जिनेश कुमार जी ठाणा-3 के सान्निध्य में कला मंदिर सभागार, कोलकाता में बंगाल स्तरीय महाश्रमणोस्तु मंगलम् वृहद् कार्यक्रम का आयोजन तेरापंथ महिला मंडल, साउथ कोलकाता द्वारा किया गया। मुनिश्री के महामंत्रोच्चार से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा एवं बंगाल के दैनिक समाचार पत्र सन्मार्ग की अध्यक्ष एवं फाउंडर एवं गार्जियन ऑफ अपराजिता श्रीमती रुचिका गुप्ता द्वारा महाश्रमणोस्तु मंगलम् के लोगो का अनावरण किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने महाश्रमणोस्तु मंगलम् रथ को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का आगाज किया।




इस अवसर पर मुनिश्री जिनेश कुमार जी ने अपने मंगल उद्बोधन में फरमाया कि आचार्य श्रीमहाश्रमण जी की गुणवत्ता हम सब में समाहित हो। उनकी आचारनिष्ठा, संघनिष्ठा, मर्यादानिष्ठा, विनम्रता, सहनशीलता के गुण सम्पूर्ण श्रावक समाज में आए। हमारे गुरु दीर्घायु हो, चिरायु हो। गुरु युगों-युगों तक राज करें, आपका सान्निध्य हमें प्रतिपल प्राप्त होता रहे, ऐसी मंगल कामना हम स्वयं के प्रति व गुरु के प्रति करते हैं। मुनिश्री परमानंद जी ने आचार्य प्रवर के जीवन को समीक्षात्मक रूप से रेखांकित करते हुए विशिष्ट वक्तव्य दिया। मुनिश्री कुणाल कुमार जी ने गुरु के प्रति अपने भावों की प्रस्तुति में मधुर गीतिका का संगान किया।

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने गुरु की अभिवंदना करते हुए कहा कि हमें आचार्य महाश्रमणजी के जीवन शैली से प्रेरणा लेनी चाहिए और गुरु इंगित अनुसार जीवन को नैतिकता, सद्भावना व नशामुक्ति की ओर अग्रसर करना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने महाश्रमणोस्तु मंगलम् के अंतर्गत



किए जा रहे कार्यों की व्यवस्थित जानकारी प्रदान करते हुए प्रत्येक कार्य में सबकी सहभागिता हेतु आह्वान किया। महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने आचार्य महाश्रमणजी की पुस्तक 'आओ जीना सीखें' पर प्रकाश डालते हुए समीक्षात्मक व्याख्या की एवं व्यक्तित्व विकास के सूत्र बताये।

कार्यक्रम की राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. सूरज बरड़िया ने देशभर में होने वाले महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा नवीन विधा से आचार्य महाश्रमण के आदर्शों व संयम पर्याय के 50 वर्षों की उपलब्धियों को बहिनों की चित्रण प्रस्तुति द्वारा उद्घाटित किया। राष्ट्रीय सह संयोजिका श्रीमती कुमुद कच्छारा ने प्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी के संदेश का वाचन किया। अभातेममं ट्रस्टी श्रीमती कल्पना बैद ने संकल्प पत्र का वाचन करते हुए सभी को संकल्प करवाया।

तेरापंथ महिला मंडल, साउथ कोलकाता की अध्यक्ष श्रीमती पदमा कोचर ने स्वागत वक्तव्य दिया एवं महिला मंडल की बहिनों द्वारा स्वागत गीत तथा कन्या मंडल द्वारा महाश्रमण अष्टकम् का संगान किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 'सवाल अम्बर के – जवाब धरती के' प्रश्नोत्तरी के माध्यम से मंडल की बहिनों ने गुरुदेव की उपलब्धियों को दर्शाया।

महाश्रमणोस्तु मंगलम् टाइटल साँग एवं चौपाई प्रस्तुत की गई तथा वीडियो डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से आचार्यश्री महाश्रमणजी के जीवन दर्शन को प्रस्तुत किया गया। सुप्रसिद्ध संगायक श्री ऋषि दुगड़ एवं संगायिका सुश्री अभिलाषा बांठिया ने सुमधुर गीतों का संगान कर वातावरण को भक्तिमय बनाया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन स्थानीय संयोजिका डॉ. पुखराज सेठिया, मंत्री श्रीमती अनुपमा नाहटा व श्रीमती बबिता भूतोड़िया ने किया। आभार ज्ञापन स्थानीय कोषाध्यक्ष श्रीमती उर्मिला दुगड़ ने किया। अभातेममं द्वारा तेमम साउथ कोलकाता को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अभातेममं से संरक्षिका श्रीमती तारा सुराणा, श्रीमती संतोष चोरड़िया, संगठन मंत्री श्रीमती रमन पटावरी, कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अदिति सेखानी, राकास श्रीमती रंजू लूणिया, श्रीमती संगीता बाफना, श्रीमती अलका बैद भी उपस्थित थी। तेरापंथ विकास परिषद के वरिष्ठ सदस्य श्री बनेचंद मालू, स्थानीय मंडल संरक्षिका श्रीमती चंपा देवी कोठारी, डॉ. प्रतिभा कोठारी के साथ-साथ स्थानीय सभा संस्थाओं के पदाधिकारीगण एवं सदस्यों, समाज के विशिष्ठ महानुभावों की गरिमामय उपस्थिति रही।

इस वृहद् बंगाल स्तरीय आंचलिक कार्यक्रम में बंगाल की 20 शाखा मंडलों बाली, बेलूर, बेहाला, बहरमपुर, चगड़ाबांधा, दार्जिलिंग, गुस्करा, हिंदमोटर, इस्लामपुर, पूर्वांचल, लिलुआ, मध्य कोलकाता, रिसड़ा,सैंथिया,सिलीगुड़ी, साउथ हावड़ा, टॉलीगंज, उत्तर हावड़ा, उत्तरपाड़ा ने अपनी सहभागिता दर्ज करवाई। कार्यक्रम में 10 अन्य महिला संगठनों की भी गरिमामय उपस्थिति रही। लगभग 850 की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। गुरु अभिवंदना से ओत-प्रोत इस आयोजन में राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. सूरज बरड़िया के साथ स्थानीय संयोजिका डॉ. पुखराज सेठिया, स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती पदमा कोचर, मंत्री श्रीमती अनुपमा नाहटा एवं मंडल की बहिनों का पुरुषार्थ मुखर रहा।

इस अवसर पर अभातेममं की समृद्ध राष्ट्र योजना के अंतर्गत प्लास्टिक रिसाइकलिंग मशीन का औपचारिक लोकार्पण किया गया। इस मशीन को तेरापंथ भवन, साउथ कोलकाता में लगाया जाएगा।

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, पूर्वांचल कोलकाता द्वारा कोलकाता स्तरीय आंचलिक कार्यशाला 'मेरा परिवार मेरी जिम्मेदारी' का आयोजन

3 अप्रैल, 2024, अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में पूर्वांचल कोलकाता महिला मंडल द्वारा कोलकाता स्तरीय 'मेरा परिवार मेरी जिम्मेदारी' कार्यशाला का आयोजन EZCC ऑडिटोरियम, सॉल्ट लेक, कोलकाता में किया गया। कार्यशाला का आगाज केन्द्रीय प्रतिनिधियों द्वारा नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा एवं मंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल द्वारा कार्यशाला के लोगो का अनावरण किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि परिवार की प्रत्येक इकाई महत्वपूर्ण है। परिवार में सौहार्द एवं समन्वय का वातावरण रखने के लिए सहनशीलता जरूरी है। एक दूसरे के भावों को समझना और उनका आदर करना ही हमारा दायित्व है। महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने एक कहानी के माध्यम से विषय पर प्रासंगिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार श्री प्रकाश चंडालिया ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए परिवार की जिम्मेदारियों के संबंध में बताया। आपने कहा कि ज्वलंत पारिवारिक समस्याओं के संदर्भ में हम जागरूक रहकर ही समाधान पा सकते हैं।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में स्थानीय मंडल की बहिनों द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती प्रेम सुराणा ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया। मंडल की बहिनों




द्वारा मेरा परिवार मेरी जिम्मेदारी विषय पर एक लघु नाटिका की प्रस्तुति भी दी गई। अभातेममं की संगठन मंत्री श्रीमती रमन पटावरी ने अपनी कर्मभूमि पर सबका स्वागत करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। समाज सेविका श्रीमती गुंजन निगम द्वारा भी विषय पर अपनी अभिव्यक्ति दी गई। पूर्वांचल महिला मंडल और कन्या मंडल की बहिनों द्वारा एक 'टॉक शो' प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम का संचालन स्थानीय मंत्री श्रीमती बबिता तातेड़ एवं कन्या मंडल प्रभारी प्रियंका बैद द्वारा किया गया एवं आभार ज्ञापन मंडल की सहमंत्री श्रीमती अर्चना नाहटा ने किया। कार्यशाला में अभातेममं की संरक्षिका श्रीमती तारा सुराणा, ट्रस्टी डॉ. सूरज बरड़िया, राकास श्रीमती कुमुद कच्छारा, श्रीमती रंजू लूणिया, श्रीमती अनुपमा नाहटा, श्रीमती संगीता बाफना, श्रीमती अलका बैद एवं स्थानीय संस्थाओं के पदाधिकारियों सहित लगभग 400 भाई-बहिनों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# जैन रत्न अवार्ड्स 2024 : अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल Best NGO Award से सम्मानित



7 अप्रैल, 2024, इंदौर। अ.भा. श्वेतांबर जैन महिला संघ केन्द्रीय इकाई द्वारा अभय प्रशाल ऑडिटोरियम में जैन रत्न अवार्ड्स 2024 का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल को उनके सामाजिक कार्यों के लिए बेस्ट एनजीओ के अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री पूनम ढ़िल्लो एवं इंडियन टेलीविजन सिनेमा के विख्यात एंकर मनीष पॉल द्वारा अभातेममं को प्रदान किया गया। अभातेममं की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने अपनी टीम महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल, प्रचार मंत्री श्रीमती सरिता बरलोटा एवं राकास श्रीमती प्रभा घोड़ावत व इंदौर तेरापंथ महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुमन दुगड़ के साथ इस सम्मान को स्वीकार किया।

समारोह में अ.भा. श्वेतांबर जैन महिला संघ के केन्द्रीय इकाई की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती रेखा जैन, वर्तमान अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला पावेचा एवं समग्र इंदौर जैन समाज के गणमान्य व्यक्तियों सहित लगभग 8-10 हजार व्यक्तियों की उपस्थिति ने इस समारोह को गरिमा प्रदान की। इस कार्य में राकास श्रीमती प्रभा घोड़ावत का विशेष सहयोग रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने मंडल की गतिविधियों एवं योजनाओं की जानकारी प्रदान की तथा इस सम्मान के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सबके प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया।

# संगठन सम्पर्क यात्रा

## उत्तर हावड़ा- कन्या सुरक्षा बैंच का उद्घाटन

5 अप्रैल, 2024, उत्तर हावड़ा। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा संगठन सम्पर्क यात्रा के क्रम में स्थानीय मंडल के निजी स्थान प्रज्ञा सभागार, उत्तर हावड़ा क्षेत्र में पहुँची। नमस्कार महामंत्र के साथ प्रारम्भ हुए कार्यक्रम में बहिनों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आज की नारी अनेकों क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। नारी अगर सही रूप से अपनी शक्ति का उपयोग करे तो वह समाज में नई ऊंचाइयों तक पहुँच सकती है। महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि सभी बहिनों को नारीलोक अवश्य पढ़ना चाहिए। हमें उसमें आए हुए सभी प्रोजेक्ट्स पर ध्यान देते हुए कार्य करना चाहिए। उन्होंने सभी युवती बहिनों को भी जोड़ने की प्रेरणा दी। अभातेममं ट्रस्टी डॉ. सूरज बरड़िया ने अपने वक्तव्य में सभी बहिनों को आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। अभातेममं संगठन मंत्री श्रीमती रमन पटावरी ने भी अपने विचार रखे।

उत्तर हावड़ा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सुजाता दूगड़ ने सभी का हार्दिक स्वागत करते हुए मंडल की गतिविधियों की जानकारी दी। मंडल की बहिनों ने प्रेरणा गीत का संगान एवं पारिवारिक रिश्तों के संदर्भ में लघु नाटिका प्रस्तुत की। अंत में जिज्ञासाओं का क्रम रहा जिनका समाधान राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महामंत्री ने बड़ी सरलता से दिया। कार्यक्रम का संचालन स्थानीय मंत्री श्रीमती रेणु समदड़िया ने एवं आभार ज्ञापन उपमंत्री श्रीमती सरिता राखेचा ने किया।

इस अवसर पर क्षेत्र के घास बागान मैदान में कन्या सुरक्षा बैंच का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर हावड़ा के विधायक श्री गौतम चौधरी ने किया। श्री चौधरी ने अपने वक्तव्य में कहा कि अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल और उत्तर हावड़ा महिला मंडल अपने कार्यक्रमों में विशेष सजगता से कार्य करती है। उन्होंने कहा कि महिला मंडल को इसी प्रकार के कार्य आगे भी करते रहने चाहिए और वे उनके हर कार्य में उनके साथ रहेंगे। कार्यक्रम में अभातेममं राकास श्रीमती संगीता बाफना, श्रीमती अनुपमा नाहटा के साथ साथ स्थानीय श्रीमती सुमन बैद, श्रीमती वीणा भंसाली, श्रीमती मंजू बोथरा,श्रीमती शांति श्रीमाल, वर्षीतप तपस्वी श्रीमती शांति गुजरानी एवं समाज की अन्य संस्थाओं के पदाधिकारियों सहित अच्छी संख्या में बहिनों की उपस्थिति रही।

## साउथ हावड़ा- कार्यशाला 'लक्ष्य : संस्था के विकास का'

5 अप्रैल, 2024, साउथ हावड़ा। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में साउथ हावड़ा महिला मंडल द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की अध्यक्षता में 'लक्ष्य- संस्था के विकास का' क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आगाज अभातेममं की संरक्षिका, नारी रत्न श्रीमती तारा देवी सुराणा ने नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य है संस्कार निर्माण। परिवार में मैत्री, सौहार्द एवं समन्वय का वातावरण रहे, बच्चों को अच्छे संस्कार दें तथा नियमित गतिविधियों के साथ-साथ आध्यात्मिक गतिविधियाँ भी चलती रहे। महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने अभातेममं की मुख्य योजनाओं और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए अच्छे कार्यकर्ताओं के निर्माण के सूत्र बताए। ट्रस्टी डॉ. सूरज बरड़िया ने अपने वक्तव्य में सभी बहिनों को उत्साह के साथ धर्म संघ के सभी कार्यक्रमों से जोड़ने की प्रेरणा दी।

स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रकांता पुगलिया ने सभी पदाधिकारीगण एवं संभागीय बहिनों का स्वागत किया और अपने विचार रखे। नव-युवती बहिनों ने प्रेरणा गीत एवं कन्या मंडल ने स्वागत गीत का संगान किया। युवती बहिनों ने एक लघु नाटिका द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष अपने मन की बात रखी। साउथ हावड़ा कन्या मंडल संयोजिका सुश्री जागृति चोरड़िया ने अपने विचार रखे। कार्यशाला में अभातेममं संगठन मंत्री श्रीमती रमन पटावरी, कन्या मंडल सह प्रभारी श्रीमती सोनम बागरेचा, राकास श्रीमती रंजू लूनिया, श्रीमती अनुपमा नाहटा, श्रीमती संगीता बाफना एवं श्रीमती अलका बैद के साथ-साथ स्थानीय संस्थाओं के पदाधिकारियों की भी गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन स्थानीय मंत्री श्रीमती रेखा बैंगानी ने एवं आभार ज्ञापन श्रीमती सरिता शामसुखा ने किया।

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेमम, उधना द्वारा दक्षिण गुजरात स्तरीय 'मेरा परिवार, मेरी जिम्मेदारी' आंचलिक कार्यशाला का आयोजन

दिनांक 13 अप्रैल, 2024, उधना। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, उधना द्वारा दक्षिण गुजरात स्तरीय आंचलिक कार्यशाला मेरा परिवार मेरी जिम्मेदारी का आयोजन बहुश्रुत परिषद् सदस्य मुनिश्री उदितकुमारजी के सान्निध्य में किया गया। मुनिश्री के नमस्कार महामंत्र से कार्यक्रम की शुभ शुरुआत हुई। अभातेमम अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की अध्यक्षता में सभी सभा संस्था के पदाधिकारी द्वारा मेरा परिवार मेरी जिम्मेदारी कार्यशाला के लोगो का अनावरण किया गया।




मुनिश्री उदित कुमार जी ने कहा कि परिवार से जुड़ा हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी को अच्छे से समझता है। अंतर केवल इतना सा होता है कि उस जिम्मेदारी का निर्वहन उचित रूप में नहीं कर पाता। समन्वय एवं स्वार्थ त्याग से ही परिवार में समरसता रह सकती है। आपने पारिवारिक जिम्मेदारी के निर्वहन के संदर्भ में मार्गदर्शन प्रदान किया। मुनि ज्योतिर्मय कुमारजी ने प्रासंगिक विचार रखे।

श्रीमती सरिता डागा ने अपने वक्तव्य में कहा कि महिलाओं को परिवार को प्राथमिकता देते हुए सामाजिक जिम्मेदारियों को भी निभाना चाहिए। परिवार की जिम्मेदारियों को निभाते हुए स्वयं का विकास भी करना चाहिए। अभातेमम पूर्व अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा बैद द्वारा साध्वीप्रमुखाश्रीजी के संदेश का वाचन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व महापौर, सूरत शहर मेमाली बोधवाला ने वक्तव्य देते हुए कहा कि पारिवारिक एकता और सामंजस्य व्यक्ति को आगे बढ़ने में सहायक बनते हैं। महिला मंडल की बहिनों द्वारा प्रेरणा गीत से मंगलाचरण किया गया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती सोनू बाफना द्वारा स्वागत वक्तव्य दिया गया। कार्यशाला के विषय पर समर्पित कार्यशाला गीत का संगान महिला मंडल की पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी बहिनों द्वारा किया गया। अभातेमम कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती श्रेया बाफना एवं ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा द्वारा प्रासंगिक वक्तव्य दिया गया। उधना महिला मंडल एवं उधना कन्या मंडल द्वारा मेरा परिवार मेरी जिम्मेदारी विषय पर अलग-अलग रोचक प्रस्तुति दी गई। मुख्य वक्ता मोटिवेशनल स्पीकर प्रज्ञा दुगड़ द्वारा बहुत ही प्रेरणादायी मोटिवेशन दिया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में अभातेमम सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी द्वारा अभातेमम द्वारा प्रेषित जागरूकता अभियान फॉर्म की विशेष जानकारी दी गई। अभातेमम टीम का कार्यशाला में संभागी सभी क्षेत्र के साथ जिज्ञासा समाधान का सत्र रहा। अभातेमम द्वारा सभी संभागी मंडलों को सहभागिता के सर्टिफिकेट दिए गए। अभातेमम से कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती राखी बैद व श्रीमती पूर्णिमा गादिया के साथ-साथ स्थानीय अन्य संस्थाओं के पदाधिकारियों की भी गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यशाला में दक्षिण गुजरात के आसपास के क्षेत्र उधना, सूरत, पर्वत पाटिया, लिंबायत, सचिन, किम, चलथान, बारडोली, कामरेज, अंकलेश्वर-भरूच, बड़ौदा, नवसारी, चिखली, डूंगरी, वलसाड, वापी एवं सेलवास सहित लगभग 16 क्षेत्रों से मंडल की बहिनों ने भाग लेकर कार्यशाला को सफल बनाया। कार्यशाला के प्रथम चरण का संचालन श्रीमती नीलम डांगी एवं द्वितीय चरण का संचालन उपाध्यक्ष श्रीमती महिमा चोरड़िया व आभार ज्ञापन महिला मंडल पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुनीता कुकड़ा ने किया।



# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा 'स्वच्छ भारत' अभियान
## एक कदम स्वच्छ भारत की ओर
## #Solution to Plastic Pollution



### विभिन्न स्थानों पर Plastic Bottle Crushing Machine का उद्घाटन

**3 अप्रैल, 2024, पूर्वांचल कोलकाता,** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की समृद्ध राष्ट्र योजना के अंतर्गत स्वच्छ भारत अभियान को बढ़ावा देने हेतु तेरापंथ महिला मंडल, पूर्वांचल कोलकाता द्वारा फूलबागान मैट्रो स्टेशन पर **Plastic Bottle Crushing Machine** लगवाई गई। अभातेमम की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा द्वारा मशीन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मैट्रो रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री कौशिक मित्रा, अभातेमम ट्रस्टी डॉ. सूरज बरड़िया, संगठन मंत्री श्रीमती रमन पटावरी, राकास श्रीमती अनुपमा नाहटा, श्रीमती अलका बैद, स्थानीय मंडल अध्यक्ष श्रीमती प्रेम सुराणा एवं टीम के साथ-साथ अनेक विशिष्ठजनों की गरिमामय उपस्थिति रही।

**4 अप्रैल, 2024, साउथ कोलकाता,** अभातेमम के समृद्ध राष्ट्र योजना के अंतर्गत स्वच्छ भारत अभियान हेतु तेमम, साउथ कोलकाता द्वारा **Plastic Bottle Crushing Machine** लगवाई गई। मशीन का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा द्वारा किया गया। इस अवसर पर अभातेमम के पदाधिकारीगण, ट्रस्टीज, कार्यसमिति सदस्यों सहित स्थानीय मंडल के पदाधिकारियों एवं बहिनों की गरिमामय उपस्थिति रही।

**5 अप्रैल, 2024, बेहाला, कोलकाता** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार बेहाला महिला मंडल द्वारा समृद्ध राष्ट्रीय योजना के अंतर्गत **#Solution to Plastic Pollution** के तहत प्लास्टिक रिसाइकल मशीन का भव्य उद्घाटन सरोज गुप्ता कैंसर सेंटर एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट में किया गया। यह मशीन धरा पर प्लास्टिक बोतल के ढेर को कम करने और ग्रीनर टुमॉरो की तरफ एक सकारात्मक कदम है। मशीन का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल और उनकी टीम के कर कमलों से हुआ। अभातेमम की संरक्षिका नारी रत्न श्रीमती तारा सुराणा, ट्रस्टी डॉ. सूरज बरडिया, संगठन मंत्री श्रीमती रमण पटावरी, स्वच्छ भारत अभियान की संयोजिका श्रीमती अलका बैद, राकास श्रीमती रंजू लूनिया, श्रीमती अनुपमा नाहटा और श्रीमती संगीता बाफना, हॉस्पिटल के चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुमंतो दासगुप्ता और उनकी टीम के साथ-साथ स्थानीय मंडल की बहिनों की गरिमामय उपस्थिति रही। मंडल की बहिनों द्वारा प्रासंगिक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। आभार व्यक्त करते हुए हॉस्पिटल के चीफ मेडिकल ऑफिसर श्रीमान सुमंतो दासगुप्ता ने मंडल के इस कार्य की बहुत सराहना की।

**7 अप्रैल, 2024, इंदौर, Solution to Plastic Pollution** अभियान के अंतर्गत तेरापंथ भवन, न्यू पलासिया, इंदौर में **Plastic Bottle Crushing Machine** का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा व महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रचार प्रसार मंत्री श्रीमती सरिता बरलोटा व राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य श्रीमती प्रभा घोड़ावत सहित तेरापंथ महिला मंडल, इंदौर की अध्यक्ष श्रीमती ममता सामोता, मंत्री श्रीमती मोना बंबोरी, पदाधिकारीगण, कार्यकारिणी बहिनें एवं स्थानीय संघीय संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे

**14 अप्रैल, 2024, सूरत, Solution to Plastic Pollution** अभियान के अंतर्गत लेकव्यू गार्डन, सूरत में **Plastic Bottle Crushing Maching** का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा द्वारा किया गया। इस अवसर पर अभातेमम की ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा, सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी, राकास श्रीमती पुष्पा बैद, श्रीमती श्रेया बाफना, श्रीमती राखी बैद, श्रीमती पूर्णिमा गादिया एवं स्थनीय मंडल की अध्यक्ष श्रीमती चंदा भोगर, मंत्री श्रीमती सुषमा बोथरा सहित पूर्व पदाधिकारी एवं बहिनों की अच्छी संख्या में उपस्थिति रही।

**शाखा मंडलों की सक्रियता हेतु हार्दिक धन्यवाद - आभार**

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, इंदौर द्वारा मध्यप्रदेश स्तरीय आंचलिक कार्यशाला 'मेरा परिवार मेरी जिम्मेदारी' का आयोजन




7 अप्रैल, अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, इंदौर द्वारा मध्य प्रदेश स्तरीय आंचलिक कार्यशाला 'मेरा परिवार मेरी जिम्मेदारी' का आयोजन 'तेरापंथ भवन' इंदौर में हुआ। कार्यशाला का शुभारम्भ राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा द्वारा नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से किया गया, तत्पश्चात स्थानीय सहमंत्री श्रीमती खुशबू घीया ने साध्वी प्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी के मंगल संदेश का वाचन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने अभातेममं द्वारा संचालित महिला मंडल की सभी योजनाओं तथा आगामी 2 वर्षों के कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि परिवार का प्रत्येक सदस्य अपने दायित्व को समझे तथा परिवार में समरसता का वातावरण बनाए। बड़ों को सम्मान देना एवं छोटों के प्रति स्नेहभाव रखना ही सबका दायित्व है। मुख्य अतिथि श्री स्वप्निल कोठारी ने अनेक उदाहरणों से 'मेरा परिवार मेरी जिम्मेदारी' विषय पर प्रभावी वक्तव्य दिया। महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने एक प्रेरक कहानी के माध्यम से आजकल के टूटते परिवार, बिखरते हुए रिश्तों पर सटीक जानकारी देते हुए बताया कि हम अगर अभी नहीं संभले तो आने वाले समय में इसका क्या परिणाम होगा, उसके हम स्वयं ही जिम्मेदार होंगे। अभातेमम प्रचार-प्रसार मंत्री श्रीमती सरिता बरलोटा ने एक गीतिका के साथ जागरूकता अभियान संकल्प पत्र का वाचन किया।

स्थानीय मंडल की अध्यक्ष श्रीमती ममता सामोता ने स्वागत वक्तव्य दिया एवं महिला मंडल की बहिनों द्वारा प्रेरणा गीत का संगान और थीम साँग की प्रस्तुति दी गई। कन्या मंडल द्वारा कार्यशाला के विषय पर लघु नाटक मंचित किया गया। सभाध्यक्ष श्री निर्मल नाहटा एवं अभातेममं की राकास श्रीमती प्रभा घोड़ावत ने शुभकामना एवं अपने विचारों की अभिव्यक्ति दी।

कार्यशाला के दूसरे सत्र में विभिन्न क्षेत्रों से उपस्थित शाखा मंडलों द्वारा गीतिका एवं लघु नाटिका की भी प्रस्तुति दी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उनकी टीम द्वारा सभी शाखा मंडलों की सार-संभाल की गई एवं बहिनों की जिज्ञासाओं का समाधान दिया गया एवं अभातेममं द्वारा उपस्थित शाखा मंडलों का सम्मान किया गया। कार्यशाला का संयोजन श्रीमती सुमन दुगड़ एवं श्रीमती दीपल सामोता द्वारा किया गया एवं आभार मंत्री श्रीमती मोना बम्बोरी ने व्यक्त किया।

# एक मुलाकात श्रीमती सुमित्रा महाजन के साथ



अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने अपनी इंदौर यात्रा में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन से सम्पर्क वार्ता कर आचार्यश्री महाश्रमणजी की अणुव्रत यात्रा एवं वर्तमान में चल रही महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों की पदयात्रा के बारे में जानकारी प्रदान की। अभातेममं की परियोजनाओं एवं विभिन्न गतिविधियों की जानकारी भी श्रीमती महाजन को दी गई। नारीलोक की प्रति भी भेंट की गई। श्रीमती सुमित्रा महाजन ने मंडल की गतिविधियों को जानकर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की एवं सभी कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन की मंगल कामना की। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ अभातेममं महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल, प्रचार-प्रसार मंत्री श्रीमती सरिता बरलोटा एवं राकास श्रीमती प्रभा घोड़ावत भी साथ थी।

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार श्रीउत्सव- एक कदम स्वावलंबन की ओर का आयोजन




## श्रीउत्सव Pan India का आयोजन

उदयपुर, 14 अप्रैल, 2024, अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में 'श्रीउत्सव एक कदम स्वावलंबन की ओर' पैन इंडिया स्तर एग्जीबिशन का आयोजन महाप्रज्ञ विहार भुवाणा, उदयपुर में हुआ। शासनश्री मुनि श्री सुरेश कुमार जी के मंगल आशीर्वचन से कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर मुनि संबोध कुमार मेधान्श ने कहा- नारी सबसे सशक्त है बस उसे अपनी ताकत का एहसास हो, महिलाओं की जिम्मेदारी है कि वह भावी पीढ़ी को संस्कारों की विरासत सौंपे। मुनि सिद्धप्रज्ञ जी ने कहा जहाँ मैं हम में बदलता है तो हम सर्वोच्च हो जाते हैं।

अभातेममं महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हम दोहरी जिम्मेदारी के बीच जो चुनते हैं वही हमें सशक्त बनाता है। हमने जो मुकाम पाया है, अब उसे उन तक पहुँचाएं जिसे अब तक अपने उद्देश्यों की तलाश है। उदयपुर महिला मंडल का सचमुच यह सराहनीय प्रयास है। कुंवरानी साहिबा श्रीमती निवृत्ति कुमारी मेवाड़ ने कहा- जहाँ महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए इतना विराट अवसर दिया जाता है, उस संस्था की प्रगति को कोई नहीं रोक सकता। विशिष्ट अतिथि श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के महामंत्री श्री विनोद बैद ने कहा- महिला मंडल अपनी बहिनों को आत्मनिर्भर बनाने में अपना पुरुषार्थ निवेश कर रही है, यही शुभ भविष्य का संकेत है।

इस अवसर पर शहर की 30 सशक्त महिलाओं का सम्मान के साथ अभिनंदन किया गया। महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री निर्मल गोखरू, अभातेममं राकास डॉ. नीना कावड़िया, श्रीमती उषा सिसोदिया, श्रीमती मनाली चोरड़िया ने भी अपने विचारों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की सफल संयोजना में युवती बहिनों का श्रम मुखर रहा। स्थानीय तेममं अध्यक्ष श्रीमती सीमा बाबेल ने स्वागत भाषण किया एवं आभार मंत्री श्रीमती ज्योति कच्छारा ने किया। देशभर की 80 महिला एंटरप्रेन्योर्स ने महिला सशक्तिकरण के इस अभिनव आयाम में अपने बिजनेस स्टार्टअप के स्टॉल्स लगाए। कुंवरानी साहिबा श्रीमती निवृत्ति कुमारी मेवाड़ को नारीलोक की प्रति भेंट की गई।

## श्रीउत्सव मध्य कोलकाता, 3 अप्रैल, 2024

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल मध्य कोलकाता द्वारा 'श्रीउत्सव- एक कदम स्वावलंबन की ओर' प्रदर्शनी आयोजित की गई। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने रीबन खोलकर श्रीउत्सव का उद्घाटन किया। अभातेममं संरक्षिका श्रीमती तारा सुराणा के महामंत्र उच्चारण के साथ प्रारम्भ हुए कार्यक्रम में मंडल की बहिनों ने प्रेरणा गीत का संगान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने अपने वक्तव्य में कहा कि बहिनें हर क्षेत्र में जागरूकता से कार्य कर रही है और अपनी प्रतिभा का विकास कर रही है। महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने अपने उद्बोधन से बहिनों को संबोधित किया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती संतोष बैद ने स्वागत किया एवं कार्यक्रम का संचालन मंत्री श्रीमती मंजू बरड़िया ने किया और आभार ज्ञापन उपाध्यक्ष श्रीमती सपना बरमेचा ने किया।

उद्घाटन के इस अवसर पर अभातेममं ट्रस्टी डॉ. सूरज बरडिया, श्रीमती कल्पना बैद, संगठन मंत्री श्रीमती रमन पटावरी, राकास श्रीमती कुमुद कच्छारा, श्रीमती रंजू लूनिया, श्रीमती अलका बैद, श्रीमती संगीता बाफना, समाज के गणमान्य व्यक्ति एवं समाज की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थित रही। अभातेममं द्वारा तेममं मध्य कोलकाता को सम्मानित किया गया। इस प्रदर्शनी में विभिन्न आइटमों के 22 स्टॉल लगाए गए।

# कला अभ्युदय योजना




काल की गति बहुत तीव्र है। समय चक्र घूमता रहता है एक धूमकेतु की तरह। उतार-चढ़ाव की स्थिति में कब, कहाँ, कैसे, क्या घटित हो जाए, पता नहीं चलता। विपरीत परिस्थितियों में स्वावलम्बी होना अपेक्षित ही नहीं अपितु आवश्यक भी है। विशेषकर महिलाओं का स्वावलम्बी होना आवश्यक प्रतीत हो जाता है। इस उद्देश्य से अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल ने कला अभ्युदय योजना की पहल की, जिसमें जरूरतमंद महिलाओं को स्वयं का गृह उद्योग प्रारम्भ करने में सहायता की जा सके। इस योजना के अंतर्गत जिन तेरापंथी महिलाओं को अपेक्षा है, उन्हें घरेलू मशीन उपलब्ध करवाई जाएगी, जिसमें वे स्वयं के घर से ही कमाई का कुछ जरिया बना सके और दैनदिन्य जीवन में सम्पोषण की व्यवस्था कर सके।

शासनमाता साध्वीप्रमुखाश्री कनकप्रभाजी के अमृत महोत्सव पर इस योजना की नींव रखी गई। यह योजना जरूरतमंद बहिनों के लिए सार्थक बनें, इस हेतु शाखा मंडल की क्रियान्विति अपेक्षित है।

- अपने क्षेत्र में एक या दो तेरापंथी महिला का चयन करें, जिन्हें गृह व्यवसाय की अत्यन्त आवश्यकता है। ऐसी महिलाओं की जरूरतों को समझते हुए उन्हें फंड भी दें कि वे कौनसा घरेलू व्यवसाय प्रारम्भ कर सकते हैं।
- उनकी जरूरत की मशीन/उपकरण जैसे अनाज पीसने की मशीन, सिलाई मशीन, मसाला मशीन, बेकिंग मशीन, खाखरा मशीन, तेल निकालने की मशीन आदि का ब्यौरा एवं उक्त महिला का सम्पूर्ण विवरण राष्ट्रीय संयोजिका को प्रेषित करें।
- उक्त महिला का नाम और अन्य विवरण पूर्ण रूप से गोपनीय रखे जाएं।

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें,

योजना के उदारमना सहयोगी

श्रीमती रंजू, श्री मनोज लुणिया
चाड़वास-शिलांग

संयोजिका- श्रीमती ज्योति जैन, मो.: 9339878262, श्रीमती नीलिमा बैद, मो.: 9829184000.

## निर्जरा का विशिष्ट उपक्रम एवं पूज्यप्रवर की रास्ते की सेवा का उपक्रम 'भावना सेवा'

भावना सेवा

**16 फरवरी से 29 फरवरी, 2024 - राकास** श्रीमती निर्मला चंडालिया एवं मुम्बई क्षेत्र की बहिनें।

**01 मार्च से 07 मार्च, 2024 - गाँधी नगर :** श्रीमती कांता सेठिया, श्रीमती जयश्री रायसोनी, श्रीमती शर्मिला भंसाली, श्रीमती सुरेखा पोखरना, श्रीमती लीला संकलेचा

**08 मार्च से 14 मार्च, 2024 शहादा :** श्रीमती प्रतिभा गेलड़ा, श्रीमती उज्ज्वला डूंगरवाल, श्रीमती कुसुम गेलड़ा, श्रीमती शीतल गेलड़ा, श्रीमती विभा गेलड़ा

**15 मार्च से 21 मार्च, 2024 रायपुर :** श्रीमती संपत बरलोटा, श्रीमती कमला गिड़िया, श्रीमती मोहन माला सिपानी, श्रीमती विमला दूगड़, श्रीमती विमला बैद

**22 मार्च से 28 मार्च, 2024 औरंगाबाद :** श्रीमती सुनीता सेठिया, श्रीमती ललिता सांखला, श्रीमती छाया नाहर, श्रीमती सुशीला बाई धोका, श्रीमती ज्योति नाहर

**29 मार्च से 04 अप्रैल, 2024 जलगाँव :** श्रीमती निर्मला छाजेड़, श्रीमती वीणा छाजेड़, श्रीमती ललिता सुराणा, श्रीमती योगिता रांका

**05 अप्रैल से 11 अप्रैल, 2024 अहमदाबाद :** श्रीमती रानी बाई कोठारी, श्रीमती लीला बाई छाजेड़, श्रीमती कमला बाई बैद, श्रीमती शांति बाई चोरड़िया, श्रीमती मोहिनी बाई भंसाली

**12 अप्रैल से 18 अप्रैल, 2024 अंबाजोगई :** सो. जयश्री दिलीप जी लोढ़ा, श्रीमती सरला बाई मर्लेचा, सो. मीना डागा, सो. सुषमा जी

**19 अप्रैल से 25 अप्रैल, 2024 विजयनगर (बैंगलूरू):** श्रीमती मंजू बाई लूनिया, श्रीमती मंजू बाई बोथरा (विजयनगर), श्रीमती सुनीता पींचा

'भावना सेवा' में सेवार्थी सेवा देने वाली शाखाओं एवं बहिनों को हार्दिक साधुवाद।

हार्दिक आभार- श्रीमती किरण देवी आंचलिया के प्रति जिनकी अनवरत सेवाएं भावना सेवा में प्राप्त हो रही है।

संयोजिकाः श्रीमती मधु देरासरिया, श्रीमती शशिकला नाहर, श्रीमती ममता रांका

# दर्शन सेवा का लाभ एवं संगठन सम्पर्क यात्रा

सूरत, 14 अप्रैल, 2024, अभातेममं की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने अपनी टीम के साथ सूरत में विराजित चारित्रात्माओं के सान्निध्य में पहुँच कर दर्शन सेवा का लाभ लिया। इस अवसर पर तेरापंथ महिला मंडल, सूरत द्वारा तेरापंथ भवन, सिटी लाइट में साध्वी श्री शासनश्री मधुबालाजी, साध्वी त्रिशला कुमारी जी, साध्वी हिमश्रीजी के सान्निध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ साध्वीश्री त्रिशला कुमारीजी के नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से हुआ। साध्वी त्रिशला कुमारीजी  के मंगल उद्बोधन के बाद साध्वीश्री मंजुलयशाजी, साध्वी कल्पयशा जी, साध्वी हिमश्रीजी ने प्रेरणा पाथेय प्रदान करवाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सूरत महिला मंडल के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सूरत का मंडल जागरूक है एवं सक्रियता से कार्य करता है। अभी हमने समृद्ध राष्ट्र योजना के अंतर्गत स्वच्छ भारत अभियान को बढ़ावा देने हेतु **Bottle Crushing Machine** लगवाने का क्षेत्रों से आह्वान किया। सूरत महिला मंडल ने भी इस कार्य को सक्रियता से सम्पादित किया। बहिनों, सिर्फ मशीन लगाना ही हमारा उद्देश्य नहीं है अपितु इसकी सार-संभाल भी करनी है। स्थानीय मंडल की बहिनों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया एवं मंडल अध्यक्ष श्रीमती चंदा भोगर ने स्वागत वक्तव्य दिया। अभातेममं ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा, सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी एवं राकास श्रीमती पुष्पा बैद ने अपने विचार व्यक्त किए। कन्या मंडल की बहिनों ने प्रासंगिक गीतिका द्वारा अपने भावों की प्रस्तुति दी एवं सूरत चातुर्मास प्रवास व्यवस्था समिति के अध्यक्ष श्री संजय सुराणा ने भी अपनी भावना व्यक्त की। एसएमसी गार्डन विभाग के प्रमुख श्री गजेन्द्र सिंह चौहान ने मंडल के इस कार्य को सामयिक बताया। महिला मंडल की बहिनों द्वारा लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में राकास श्रीमती श्रेया बाफना, श्रीमती राखी बैद, श्रीमती पूर्णिमा गादिया के साथ-साथ स्थानीय संस्थाओं के पदाधिकारीगण, गणमान्य व्यक्ति, महिला मंडल की सदस्याओं सहित श्रावक-श्राविका समाज की अच्छी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रतिक्षा बोथरा एवं श्रीमती अभिलाषा बैद ने किया।

## विभिन्न स्थानों पर चारित्रात्माओं के दर्शन-सेवा

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा अपनी सूरत यात्रा के क्रम में यहाँ विभिन्न स्थानों पर विराजित 9 सिंघाड़ों के दर्शन किए, सेवा का लाभ लिया। सभी चारित्रात्माओं को मंडल की गतिविधियों से अवगत करवाया गया एवं मंडल की मुख पत्रिका नारीलोक की प्रति भेंट की। चारित्रात्माओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मंडल की टीम के प्रति आध्यात्मिक मंगल कामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया-

शासनश्री साध्वीश्री जिनप्रभाजी, ठाणा-4

साध्वीश्री मधुस्मिताजी, ठाणा-3

साध्वीश्री काव्यलताजी, ठाणा-4

शासनश्री साध्वीश्री चंदनबालाजी, ठाणा-9

साध्वीश्री सुषमा कुमारीजी, साध्वीश्री चित्रलेखाजी, ठाणा-5

शासनश्री साध्वीश्री विमलप्रज्ञाजी, ठाणा-5

साध्वीश्री निर्वाणश्रीजी, ठाणा-6

साध्वीश्री सम्यकप्रभाजी, ठाणा-3

इस दर्शन सेवा के क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ अभातेममं ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा, सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी, राकास श्रीमती पुष्पा बैद, श्रीमती पूर्णिमा गादिया, श्रीमती श्रेया बाफना, श्रीमती राखी बैद ने भी दर्शन सेवा का लाभ प्राप्त किया।




## कैंसर जागरूकता अभियान : Zoom Meeting

23 अप्रैल, 2024, अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के 'कैंसर जागरूकता अभियान' के अंतर्गत **Zoom Meeting** आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से किया गया। अभातेममं की महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने सभी का स्वागत किया एवं बताया कि अभातेममं क्यों इस अभियान के लिए जन-जन को जागरूक करना चाहता है। उन्होंने यह भी बताया कि निरंतर प्रयास से ही इस अभियान की सार्थकता सिद्ध हो सकती है।

फरीदाबाद के सुविख्यात डॉक्टर नवीन संचेती (Surgical Oncology, Cancer Care) ने इस अभियान को सार्थक बताते हुए कहा कि 'संयम ही जीवन है' इस सूत्र को हमें सदैव ध्यान में रखना चाहिए और अपने खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। आपने कहा कि हमें अपने खानपान में सुधार कर अपनी आने वाली पीढ़ी को भी इस भयानक बीमारी से सुरक्षित करना है। महिलाएं अपने पूरे परिवार का ध्यान रखती है पर अपने लिए भी वे लापरवाह नहीं बने, समय-समय पर अपनी जाँच करवाती रहे।

सत्र में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. स्नेहा लोढ़ा (MBBS, MD, Radiologist) ने अपने वक्तव्य में कहा कि जागरूक रहो, डरना नहीं- सतर्क रहना, बीमारी आने से पहले ही बचाव करें। खानपान की शुद्धि, रेगुलर चेकअप, एक्सरसाइज तथा अपने जीवन में एसिटिक पदार्थों (जैसे- कोल्ड ड्रिंक, अल्कोहल) से दूर रहे और अल्कलाइन को अपनाएं।

मीटिंग के अंत में बहिनों ने अपनी कैंसर से संबंधित जिज्ञासाएं Doctors के समक्ष रखी और उन्होंने समाधान-सुझाव दिए। मीटिंग का संचालन राकास श्रीमती नीरू पुगलिया ने किया एवं जिज्ञासा- समाधान सत्र का संयोजन एवं आभार ज्ञापन अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका राकास श्रीमती अनीता बरड़िया ने किया। राकास श्रीमती माला कातरेला का भी सहयोग रहा। इस Zoom Meeting में लगभग 470 बहिनों की सहभागिता के साथ-साथ अभातेममं फेसबुक लाइव पर भी लाभ उठाकर मीटिंग को सार्थक बनाया।

## तेरापंथ कन्या मंडल
## अन्वेषण क्विज प्रतियोगिता

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा निर्देशित तेरापंथ कन्या मंडल द्वारा आयोजित 'अन्वेषण क्विज प्रतियोगिता' तेरापंथ की साध्वी प्रमुखा पुस्तक पर आधारित है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत तेरापंथ की साध्वी प्रमुखाओं पर एक रोचक प्रश्नोत्तरी तैयार की गई जिसे quiz के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इस प्रतियोगिता का आगाज शासनश्री साध्वीश्री सरस्वतीजी के सान्निध्य में अहमदाबाद में किया गया।

राष्ट्रीय कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अदिति सेखानी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 35 क्षेत्रों से 550 श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता तैयार करने में सुश्री सोनिया सिंघवी व ईशिका सुतरिया ने मनोयोग से श्रम किया।

### महत्वपूर्ण सूचना :

सभी कन्या मंडलों के ध्यानार्थ- कर्मठ कन्याओं, अब समय आ गया है- आपके श्रम को उजागर करने का। प्रतिमाह नारीलोक के माध्यम से आपको करणीय कार्य दिए गए हैं। नवम्बर, 2023 माह से जो भी कार्य आपकी शाखा मंडल द्वारा सम्पादित किए गए हैं, उन्हें शीघ्रातिशीघ्र निर्धारित फॉर्मेट में उल्लेख कर प्रेषित कर दें। फॉर्मेट अभातेकमं की वेबसाइट https://abtkm.abtmm.org पर उपलब्ध है। फॉर्मेट का Password आपको उपलब्ध करवा दिया जाएगा। किसी कारणवश Password ना मिल पाये तो आप सुश्री जागृति जैन, Whatsapp No. 9779818678530 से सम्पर्क कर सकते हैं।

आध्यात्मिक प्रवृत्तियां

## आचार्यश्री महाश्रमणजी के दीक्षा कल्याण महोत्सव के उपलक्ष्य में "आराधना आराध्य की" उपक्रम के अंतर्गत भेंट तप की, के क्रम में एकलठाणा सूची - अप्रैल, 2024

### शाखा मंडल

| दिनांक | शाखा | कुल संख्या | दिनांक | शाखा | कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01.04.2024 | नवसारी | 13 | 17.04.2024 | अहमदाबाद | 1320 |
| 02.04.2024 | हाँसी | 27 | 17.04.2024 | वाशी | 21 |
| 03.04.2024 | दिल्ली वेस्ट | 15 | 17.04.2024 | विजयवाड़ा | 26 |
| 04.04.2024 | विशाखापट्टनम | 31 | 17.04.2024 | शिलांग | 4 |
| 04.04.2024 | दार्जिलिंग | 3 | 18.04.2024 | गोगुन्दा | 21 |
| 05.04.2024 | फॉरबिसगंज | 85 | 18.04.2024 | टी. दासारहल्ली | 27 |
| 05.04.2024 | उत्तरपाड़ा | 13 | 19.04.2024 | शिरपुर | 5 |
| 05.04.2024 | सायरा | 175 | 19.04.2024 | बॉली-बेलूर | 14 |
| 06.04.2024 | वापी | 5 | 20.04.2024 | राँची | 19 |
| 06.04.2024 | वाराणसी | 7 | 21.04.2024 | आसींद | 116 |
| 07.04.2024 | तोशाम | 8 | 21.04.2024 | एलफिस्टन (मुम्बई) | 7 |
| 08.04.2024 | सिवाकाशी | 4 | 22.04.2024 | गुवाहाटी | 57 |
| 09.04.2024 | पूर्वांचल कोलकाता | 55 | 23.04.2024 | दलखोला | 11 |
| 09.04.2024 | जयपुर, सी-स्कीम | 908 | 23.04.2024 | उरण (मुम्बई) | 7 |
| 10.04.2024 | बेलडांगा | 6 | 24.04.2024 | चित्तौड़गढ़ | 8 |
| 11.04.2024 | कुर्ला (मुम्बई) | 53 | 25.04.2024 | वणी | 5 |
| 12.04.2024 | राजबिराज | 6 | 25.04.2024 | भुज-कच्छ | 108 |
| 13.04.2024 | चित्रदुर्गा | 8 | 26.04.2024 | लूणकरणसर | 21 |
| 13.04.2024 | तासोल | 10 | 27.04.2024 | छापर | 21 |
| 14.04.2024 | टोहाना | 5 | 28.04.2024 | वड़ोदरा | 217 |
| 15.04.2024 | जालना | 7 | 28.04.2024 | जलगाँव | 67 |
| 16.04.2024 | मालेगांव | 7 | 29.04.2024 | गुलाबबाग | 101 |
| 16.04.2024 | काजूपाड़ा (मुम्बई) | 8 | 30.04.2024 | कानाना | 5 |
| 16.04.2024 | वसई (मुम्बई) | 25 | कुल एकलठाणा अप्रैल | | 3692 |


Akalthana Report link : https://forms.gle/BaohPP2vTveWAzuE6

लिखें शक्ति की नई ऋचाएं, अनुशासन के दीप जलाएं

नारीलोक प्रश्नोत्तरी

# ज्ञान चेतना प्रश्नोत्तरी

## मई, 2024




**सन्दर्भ पुस्तक : आचार्य महाश्रमण- जीवन परिचय (पेज संख्या 3 से 43)**

### निम्न प्रश्नों के उत्तर दें

1. यह डायरी में किसने लिखा- 'महाश्रमण मुदित कुमार मेरा सहज सेवाभावी शिष्य है। मैं भविष्य के लिए निश्चिंत हूँ?
2. पिता झूमरमलजी का स्वर्गवास हुआ उस समय मोहन कितने वर्ष का था?
3. युवाचार्यश्री ने कहाँ पर कहा- 'शिक्षा से पहले सुरक्षा जरूरी है'।
4. मोहन की मौसी श्रीमती झूमा देवी नखत कोलकाता से मोहन के लिए क्या लेकर आई?
5. गुरुदेव तुलसी ने अपने कौनसे पदारोहण दिवस के अवसर पर मुनि मुदित को 'महाश्रमण' के पद पर नियुक्त किया?
6. जब मोहन को दीक्षा की स्वीकृति नहीं मिली तो उसने अनुमति नहीं मिलने तक कितने द्रव्य से अधिक खाने का त्याग कर दिया?
7. किसने कहा था- मुदित! तुम कभी सुविधावादी मत बनना?
8. गुरुदेव तुलसी ने मुनि मुदित कुमार जी को युवाचार्य महाप्रज्ञ के अंतरंग सहयोगी के रूप में कहाँ पर नियुक्त किया?
9. युवाचार्यश्री ने प्रथम बार गत्ते का उपयोग कहाँ पर किया?
10. मुनि मुदित के महाश्रमण बनने के बाद गुरुदेव तुलसी ने प्रथम स्वतंत्र यात्रा कहाँ की करने का निर्देश दिया?

### रिक्त स्थान की पूर्ति करें

11. यदि मैं जागरूकतापूर्वक संयम का पालन करूंगा तो मुझे .......................... भवों से मुक्ति मिल जाएगी।
12. युवाचार्य परम्परा में एकमात्र युवाचार्य महाश्रमण ही ऐसे युवाचार्य हुए, जिनके लिए ............................ नियुक्ति पत्र लिखे गए।
13. अध्ययनकाल के दौरान मुनि मुदित कुमार जी ने संस्कृत भाषा में कुछ कहानियाँ लिखी, जिन्हें आज हम '........ नामक ग्रंथ में पढ़ सकते हैं।
14. विलक्षण कर्त्तव्य और विशिष्ट व्यक्तित्व के धनी आचार्य महाश्रमण का जन्म वि.सं. 2019 वैशाख शुक्ला 9 (13 मई, 1962)............. को सरदारशहर में हुआ
15. सात सौ अनुष्टुप श्लोक प्रमाण दसवेआलियं सूत्र को मात्र ....................... दिनों में अर्थ सहित कंठस्थ कर लिया।
16. उन्होंने (मुनि श्री सोहनलालजी) आचार्य भिक्षु के '........................' के सिद्धांत से भी मोहन को अवगत कराया।
17. वि.सं. 2031 वैशाख शुक्ला .................... (5 मई, 1974) का सुप्रभात मोहन के लिए सौभाग्य की सौगात लेकर आया।
18. मुनिश्री .................... (लाडनूं) जिन्होंने मुझे गुरु आज्ञा से दीक्षित किया।
19. लगभग ........................ वर्षों तक मुनि मुदित कुमार जी को पूज्यवर का पात्र- वहन सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ।
20. नामकरण संस्कार के अंतर्गत नव दीक्षित मुनि का नाम मुनि ................. रखा। युवाचार्यश्री के लिए दीक्षा देने का यह प्रथम अवसर था।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : संयोजिका : श्रीमती इन्दिरा लुणिया, कटक

**Mob.:** 9438368264, **E-mail:** **luniaindira@gmail.com**

**Google Form submit करने की अन्तिम तिथि : 20 मई, 2024**

**Google Form Link : https://forms.gle/nUbMGHyKGdLsQ1Ht9**

### अप्रैल, 2024 प्रश्नोत्तरी के सही उत्तर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. आयुष्य कर्म | 2. बुद्धि | 3. ध्यान | 4. चौदह पूर्वो | 5. प्रत्याख्यान |
| 6. धर्मास्तिकाय | 7. अतीन्द्रिय ज्ञान | 8. ज्ञानावरणीय कर्म | 9. मेघकुमार | 10. सावद्य योग |
| 11. सातवां | 12. ग्यारह | 13. आठ | 14. आत्मा | 15. जम्बू स्वामी |
| 16. आश्रव | 17. चौदह | 18. अनुभवसिद्ध | 19. शुद्धिकरण | 20. तपस्या |

### अप्रैल, 2024 प्रश्नोत्तरी के भाग्यशाली विजेता

| | | |
|---|---|---|
| 1. पवन देवी जैन, वसई | 2. विमला डांगी, विरार | 3. कनक चोपड़ा, शास्त्री नगर |
| 4. मानकंवर बाई गेलड़ा, दोंडाईचा | 5. संतोष सेठिया, विशाखापत्तनम | 6. अलका जैन, चास बोकारो |
| 7. पूजा छाबरिया जैन, उल्हासनगर | 8. पल्लवी, चित्तौड़गढ़ | 9. सम्पत बेंगाणी, सुजानगढ़ |
| | 10. संतोष देवी छाजेड़, जलगांव | |

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल को प्राप्त अनुदान

## अनुदान सूची एवं प्रेरणा दाता

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती सूरज देवी, श्रीमती उर्मिला देवी दुगड़, सरदारशहर-साउथ कोलकाता | 1,00,000 |
| 2. | तेरापंथ महिला मंडल , साउथ कोलकाता | 1,00,000 |
| 3. | तेरापंथ महिला मंडल पूर्वांचल कोलकाता | 51,000 |
| 4. | तेरापंथ महिला मंडल, उधना | 51,000 |
| 5. | श्रीमती पुष्पा देवी, श्रीमान हेमंत जी छाजेड़, इंदौर (भावना सेवा) | 51,000 |
| 6. | गुप्तदान | 51,000 |
| 7. | तेरापंथ महिला मंडल, इंदौर | 31,000 |
| 8. | तेरापंथ महिला मंडल, मध्य कोलकाता | 31,000 |
| 9. | श्रीमती ममता देवी, श्रीमान प्रकाश जी बरमेचा साउथ कोलकाता | 31,000 |
| 10. | श्रीमती कमला, श्रीमती सुनीता मेहता, साउथ कोलकाता | 31,000 |
| 11. | तेरापंथ महिला मंडल, साउथ हावड़ा | 21,000 |
| 12. | श्रीमान रतनलाल जी, श्रीमान आनन्द जी, श्रीमती निधि सेखानी, बीदासर-सूरत | 21,000 |
| 13. | तेरापंथ महिला मंडल, उत्तर हावड़ा | 21,000 |
| 14. | तेरापंथ महिला मंडल उत्तर हावड़ा (भावना सेवा) | 21,000 |
| 15. | तेरापंथ महिला मंडल बेहाला | 11,000 |
| 16. | तेरापंथ महिला मंडल, पर्वत पाटिया | 11,000 |
| 17. | गुप्त दान | 11,000 |

सभी अनुदानदाताओं के प्रति हार्दिक आभार !

## अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

पंजीकृत कार्यालय : 'रोहिणी' जैन विश्व भारती, लाडनूं 341 306 (जिला- नागौर, राजस्थान)

## श्री नारीलोक

**महामंत्री कार्यालय**

महामंत्री
नीतू ओस्तवाल
5-0-1&2, आर.सी. व्यास कॉलोनी,
सूर्यांश, मदर टैरेसा स्कूल के पास,
भीलवाड़ा-311001 (राज.)
मो.: 9257011205
secretary@abtmm.org

देखने हेतु
www.abtmm.org
www.facebook.com/abtmmjain/
https://bit.ly/abtmmyoutube

**कोषाध्यक्ष कार्यालय**

कोषाध्यक्ष
तरुणा बोहरा
203, 204, सांघवी एक्जोटिका,
मराठा कॉलोनी, दहिसर वेस्ट,
मुम्बई-400068
मो.: 8976601717
tarunajain365@gmail.com